**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2341**

**13 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) का कार्यान्वयन**

**2341. श्री अमर शरदराव कालेः**
**श्री संजय दिना पाटीलः**
**श्री निलेश ज्ञानदेव लंकेः**
**श्रीमती सुप्रिया सुलेः**
**श्री धैर्यशील राजसिंह मोहिते पाटीलः**
**श्री बजरंग मनोहर सोनवणेः**
**प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ः**
**डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हेः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) महाराष्ट्र में पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत स्वीकृत, निर्मित और अधिभोगित कुल घरों की संख्या का वर्षवार और जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ख) महाराष्ट्र में पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान पीएमएवाई-यू के क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना (सीएलएसएस) घटक के अतर्गत लाभ उठाने वाले लाभार्थियों की संख्या कितनी है और वितरित की गई कुल राजसहायता राशि कितनी है;

(ग) महाराष्ट्र को पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान पीएमएवाई-यू के अंतर्गत स्वीकृत, जारी और आबंटित केंद्रीय सहायता की जिलावार कुल राशि कितनी है;

(घ) क्या महाराष्ट्र में पीएमएवाई-यू के अंतर्गत आवास परियोजनाओं के कार्यान्वयन में कोई विलंब हुआ है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और प्रभावित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा उनकी पूर्ण होने की अनुमानित समय-सीमा क्या है;

(ङ) क्या पीएमएवाई-पू के अंतर्गत लाभार्थियों के चयन के लिए कोई विशिष्ट मानदंड निर्धारित किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या मरकार ने महाराष्ट्र में पीएमएवाई-यू के कार्यान्वयन में किन्हीं चुनौतियों को चिह्नित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उनका ममाधान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं; और

(छ) महाराष्ट्र में पीएमएवाई-यू के अंतर्गत आवासों के निर्माण और सुपुर्दगी में तीव्रता लाने के लिए शुरू की गई किसी भी नई पहल या नीतिगत हस्तक्षेप का ब्यौरा क्या है और आवास परियोजनाओं का समय पर पूरा किया जाना सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (छ): 'भूमि' और 'कॉलोनीकरण' राज्य के विषय हैं। इसलिए, राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) द्वारा अपने नागरिकों के लिए आवास से संबंधित योजनाओं को कार्यान्वित किया जाता है। हालांकि, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय 25.06.2015 से प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत केंद्रीय सहायता प्रदान करके राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) के प्रयासों में सहायता करता है, ताकि देश भर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), निम्न आय वर्ग (एलआईजी) और मध्यम आय वर्ग (एमआईजी) श्रेणियों के पात्र शहरी लाभार्थियों को बुनियादी नागरिक सुविधाओं के साथ पक्के आवास उपलब्ध कराए जा सकें। वित्त पोषण पैटर्न और कार्यान्वयन पद्धति में बदलाव किए बिना स्वीकृत आवासों को पूरा करने के लिए योजना अवधि को 31.12.2025 तक बढ़ा दिया गया है। पीएमएवाई-यू एक मांग आधारित योजना है और लाभार्थियों का चयन शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) द्वारा योजना दिशानिर्देशों में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के आधार पर किया जाता है, जो https://pmay-urban.gov.in/uploads/guidelines/Operational-Guidelines-of-PMAY-U.pdf पर उपलब्ध हैं।

पीएमएवाई-यू के तहत परियोजनाओं का निरूपण और क्रियान्वयन राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) द्वारा किया जाता है। यह देखा गया है कि कार्यान्वयन एजेंसियों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों में बाधा मुक्त भूमि की अनुपलब्धता, लाभार्थियों की अनिच्छा, सांविधिक मंजूरी/अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने में देरी, राज्य/यूटी/यूएलबी द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर का प्रावधान आदि शामिल है। मंत्रालय निर्धारित समय सीमा के भीतर शेष आवासों को पूरा करने के लिए राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करता है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में प्रधान मंत्री आवास योजना (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत स्वीकृत, पूर्ण और सौंपे गए कुल आवासों की संख्या का वर्ष-वार और जिला-वार ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है। पिछले तीन वर्षों के दौरान पीएमएवाई-यू के अंतर्गत महाराष्ट्र को स्वीकृत और जारी की गई केंद्रीय सहायता का जिलावार ब्यौरा अनुलग्नक-II में दिया गया है।

ईडब्ल्यूएस/एलआईजी के लिए ऋण संबद्ध सब्सिडी योजना (सीएलएसएस) घटक 25.06.2015 से 31.03.2022 तक प्रभावी था। हालांकि, एमआईजी के लिए सीएलएसएस प्रारंभ में 01.01.2017 से एक वर्ष के लिए शुरू की गई थी और फिर इसे साल दर साल आधार पर

31.03.2021 तक बढ़ाया गया। महाराष्ट्र राज्य में सीएलएसएस के तहत शुरुआत से लेकर अब तक 6,25,050 लाभार्थियों के लिए कुल 15,174.2 करोड़ की सब्सिडी जारी की गई।

इस प्रकार यह 31.03.2021 तक चालू था। पीएमएवाई-यू के तहत मध्यम आय समूह (एमआईजी) के लिए सीएलएसएस 01.01.2017 से शुरू में एक वर्ष के लिए था, और इसे 31.03.2021 तक बढ़ा दिया गया था।

इसके अलावा, पीएमएवाई-यू के कार्यान्वयन के 9 वर्षों के अनुभव और सीख के आधार पर, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने इस योजना को नया रूप दिया है और 01.09.2024 से पीएमएवाई-यू 2.0 'सभी के लिए आवास' मिशन का शुभारंभ किया है ताकि चार घटकों यानी लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी), साझेदारी में किफायती आवास (एएचपी), किफायती किराया आवास (एआरएच) और ब्याज सब्सिडी योजना (आईएसएस) के माध्यम से 1 करोड़ अतिरिक्त पात्र शहरी लाभार्थियों की सहायता की जा सके। आज तक, महाराष्ट्र सहित 30 राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों ने योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार पीएमएवाई-यू 2.0 को कार्यान्वित करने के लिए सहमति ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए हैं। पीएमएवाई-यू 2.0 के संचालन दिशानिर्देश 17.09.2024 को शुरू किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन जमा करने और संचालन दिशानिर्देश के लिए एकीकृत वेब पोर्टल https://pmay-urban.gov.in देखा जा सकता है। पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य के लिए 92,000 आवासों सहित 6.75 लाख से अधिक आवासों के आवंटन के लिए 'सैद्धांतिक' अनुमोदन दे दिया गया है।

*****

दिनांक 13-03-2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2341 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I

पीएमएवाई-यू के अंतर्गत योजना की शुरूआत से अब तक महाराष्ट्र राज्य में स्वीकृत, पूर्ण और सौंपे गए आवासों का जिला-वार और वर्ष-वार ब्यौरा।

| क्र.सं. | ज़िला | स्वीकृत आवास (सख्या) | | | | पूर्ण किये गये आवास (सख्या) | | | | सौंपे गए आवास (सख्या) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | शुरूआत से अब तक कुल | 2021-22* | 2022-23* | 2023-24* | शुरूआत से अब तक कुल | 2021-22* | 2022-23* | 2023- 24* | शुरूआत से अब तक कुल |
| 1 | अहिल्यानगर | 5,086 | 4,203 | 578 | 22,510 | 3,830 | 5,481 | 813 | 19,148 | 3,697 | 5,463 | 541 | 19,134 |
| 2 | अकोला | 3,598 | 769 | 1,958 | 15,217 | 1,043 | 2,292 | 1,246 | 8,898 | 790 | 2,292 | 1,253 | 8,650 |
| 3 | अमरावती | 6,635 | 1,694 | 2,157 | 26,834 | 2,190 | 4,178 | 2,103 | 16,253 | 1,456 | 3,988 | 2,103 | 16,025 |
| 4 | बीड | 4,873 | 375 | 2,423 | 20,473 | 1,006 | 2,438 | 1,025 | 8,288 | 866 | 2,438 | 1,025 | 8,092 |
| 5 | भंडारा | 2,314 | 445 | - | 6,053 | 426 | 1,204 | 531 | 3,847 | 426 | 1,204 | 531 | 3,847 |
| 6 | बुलढाना | 1,768 | 628 | 1,433 | 10,380 | 968 | 1,237 | 951 | 5,487 | 700 | 1,237 | 978 | 5,281 |
| 7 | चंद्रपुर | 2,345 | 408 | 664 | 10,535 | 1,080 | 1,553 | 751 | 6,314 | 912 | 1,552 | 608 | 6,023 |
| 8 | छत्रपति संभाजीनगर | 46,210 | 4,326 | 550 | 72,517 | 4,981 | 5,826 | 773 | 25,992 | 4,981 | 5,629 | 602 | 25,596 |
| 9 | धाराशिव | 2,075 | 771 | 1,088 | 10,760 | 587 | 1,129 | 714 | 4,730 | 587 | 1,129 | 714 | 4,730 |
| 10 | धुले | 1,519 | 955 | 704 | 6,945 | 1,016 | 1,316 | 166 | 5,110 | 1,016 | 1,316 | 166 | 5,110 |
| 11 | गडचिरोली | 1,730 | 46 | 431 | 3,934 | 171 | 745 | 674 | 2,657 | 171 | 745 | 674 | 2,657 |
| 12 | गोंदिया | 719 | 1,435 | 1,902 | 7,446 | 279 | 910 | 582 | 2,651 | 279 | 910 | 582 | 2,651 |
| 13 | हिंगोली | 5,373 | 249 | 1,605 | 12,970 | 917 | 1,506 | 874 | 5,930 | 917 | 1,506 | 874 | 5,930 |
| 14 | जलगांव | 9,411 | 4,444 | 1,295 | 31,364 | 4,859 | 6,078 | 811 | 23,933 | 4,451 | 6,078 | 811 | 23,903 |
| 15 | जलना | 2,051 | 735 | 1,702 | 14,792 | 850 | 2,583 | 696 | 7,419 | 850 | 2,583 | 696 | 7,405 |
| 16 | कोल्हापुर | 2,720 | 2,249 | 220 | 13,377 | 2,208 | 3,512 | 522 | 12,554 | 2,208 | 3,262 | 186 | 12,115 |
| 17 | लातूर | 4,813 | 1,465 | 2,091 | 17,054 | 1,143 | 4,062 | 1,226 | 10,322 | 1,047 | 3,614 | 1,226 | 9,891 |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | उपनगर सहित मुंबई शहर | 2,205 | 1,808 | - | 1,41,515 | 25,200 | 3,755 | - | 51,488 | 2,205 | 1,808 | - | 27,719 |
| 19 | नागपुर | 9,620 | 3,596 | 1,110 | 76,000 | 5,708 | 7,104 | 3,923 | 40,538 | 6,476 | 6,766 | 3,552 | 38,929 |
| 20 | नांदेड़ | 8,859 | 732 | 843 | 29,340 | 1,898 | 5,500 | 2,479 | 17,097 | 1,898 | 5,500 | 2,479 | 17,097 |
| 21 | नंदुरबार | 1,337 | 395 | 311 | 3,832 | 457 | 627 | 219 | 2,599 | 457 | 627 | 219 | 2,599 |
| 22 | नासिक | 14,905 | 12,763 | 703 | 65,064 | 14,325 | 12,830 | 303 | 62,931 | 14,147 | 12,830 | 261 | 62,883 |
| 23 | पालघर | 7,777 | 8,009 | 182 | 78,125 | 7,768 | 8,151 | 803 | 42,357 | 7,768 | 8,011 | 6 | 41,462 |
| 24 | परभनी | 6,869 | 1,158 | 2,382 | 23,825 | 801 | 3,059 | 1,745 | 9,970 | 801 | 3,059 | 1,745 | 9,970 |
| 25 | पुणे | 45,369 | 21,810 | 531 | 2,21,713 | 50,131 | 24,616 | 4,752 | 1,99,482 | 32,016 | 23,252 | 3,768 | 1,76,861 |
| 26 | रायगढ़ | 13,586 | 9,241 | 136 | 81,811 | 13,253 | 8,992 | 29 | 48,513 | 8,837 | 8,992 | 29 | 44,009 |
| 27 | रत्नागिरि | 870 | 633 | 24 | 3,867 | 799 | 667 | 19 | 3,776 | 799 | 667 | 19 | 3,776 |
| 28 | सांगली | 2,044 | 1,624 | 852 | 11,074 | 1,569 | 1,953 | 452 | 8,836 | 1,481 | 1,905 | 452 | 8,594 |
| 29 | सतारा | 2,933 | 1,594 | 442 | 24,457 | 1,949 | 2,279 | 194 | 11,248 | 1,949 | 2,264 | 126 | 11,165 |
| 30 | सिंधुदुर्ग | 321 | 229 | - | 1,651 | 276 | 268 | 22 | 1,221 | 276 | 268 | 22 | 1,221 |
| 31 | सोलापुर | 3,816 | 1,565 | 1,181 | 61,160 | 4,127 | 11,111 | 6,415 | 32,231 | 1,828 | 3,012 | 15,633 | 25,947 |
| 32 | ठाणे | 30,729 | 30,157 | - | 2,04,303 | 32,694 | 38,529 | 582 | 1,65,700 | 28,387 | 30,082 | 2 | 1,51,561 |
| 33 | वर्धा | 1,793 | 341 | 443 | 8,821 | 657 | 2,493 | 744 | 6,557 | 448 | 2,493 | 744 | 6,045 |
| 34 | वाशिम | 1,447 | 496 | 601 | 5,116 | 277 | 588 | 282 | 2,671 | 277 | 588 | 282 | 2,671 |
| 35 | यवतमाल | 5,439 | 807 | 1,637 | 20,029 | 1,228 | 2,734 | 762 | 9,085 | 1,228 | 2,734 | 762 | 9,085 |
| **कुल** | | **2,63,159** | **1,22,155** | **32,179** | **13,64,864** | **1,90,671** | **1,81,306** | **38,183** | **8,85,833** | **1,36,632** | **1,59,804** | **43,671** | **8,08,634** |

*इसमें उस वर्ष पूर्ण और सौंपे गए आवास जो पूर्ववर्ती वर्षों में स्वीकृत किए गए थे शामिल हैं।

दिनांक 13-03-2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2341 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-II

**पीएमएवाई-यू के अंतर्गत प्रारंभ से अब तक महाराष्ट्र राज्य में पिछले तीन वर्षों के दौरान स्वीकृत और जारी की गई केंद्रीय सहायता का जिला-वार ब्यौरा।**

| क्र. सं. | ज़िला | स्वीकृत केंद्रीय सहायता (करोड़ रुपए में) | | जारी केंद्रीय सहायता (करोड़ रुपए में) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | पिछले तीन वर्षों के दौरान | शुरूआत से कुल मिलाकर | पिछले तीन वर्षों के दौरान* | शुरूआत से कुल मिलाकर |
| 1 | अहिल्यानगर | 222.12 | 472.20 | 218.51 | 445.81 |
| 2 | अकोला | 107.38 | 255.40 | 78.85 | 182.86 |
| 3 | अमरावती | 184.37 | 455.48 | 183.76 | 346.14 |
| 4 | बीड | 123.63 | 324.72 | 139.19 | 228.05 |
| 5 | भंडारा | 45.02 | 97.17 | 51.79 | 76.89 |
| 6 | बुलढाना | 66.54 | 171.32 | 83.66 | 130.31 |
| 7 | चंद्रपुर | 61.65 | 180.51 | 73.71 | 135.63 |
| 8 | छत्रपति संभाजीनगर | 858.34 | 1,288.26 | 269.92 | 608.03 |
| 9 | धाराशिव | 63.88 | 170.11 | 61.58 | 108.10 |
| 10 | धुले | 64.39 | 135.09 | 58.86 | 118.03 |
| 11 | गडचिरोली | 34.64 | 61.33 | 31.38 | 48.58 |
| 12 | गोंदिया | 63.90 | 117.33 | 36.13 | 66.16 |
| 13 | हिंगोली | 114.16 | 205.00 | 96.50 | 131.68 |
| 14 | जलगांव | 311.70 | 634.72 | 276.05 | 540.73 |
| 15 | जालना | 82.43 | 251.52 | 104.70 | 194.14 |
| 16 | कोल्हापुर | 122.83 | 286.56 | 126.79 | 268.78 |
| 17 | लातूर | 138.99 | 282.09 | 138.72 | 226.95 |
| 18 | उपनगर सहित मुंबई शहर | 102.54 | 1,634.56 | 102.54 | 362.88 |
| 19 | नागपुर | 289.22 | 1,308.42 | 422.50 | 897.44 |
| 20 | नांदेड़ | 171.51 | 467.47 | 173.57 | 342.51 |
| 21 | नंदुरबार | 38.11 | 70.32 | 36.07 | 60.38 |
| 22 | नासिक | 709.18 | 1,566.64 | 698.44 | 1,541.67 |
| 23 | पालघर | 411.85 | 1,574.15 | 463.82 | 1,079.75 |
| 24 | परभनी | 163.17 | 369.64 | 157.78 | 244.48 |
| 25 | पुणे | 1,588.52 | 4,737.98 | 1,504.10 | 4,191.41 |
| 26 | रायगढ़ | 531.48 | 1,635.60 | 622.64 | 1,237.66 |
| 27 | रत्नागिरि | 37.89 | 92.47 | 37.06 | 91.12 |
| 28 | सांगली | 91.76 | 213.39 | 91.16 | 182.77 |
| 29 | सतारा | 110.03 | 451.47 | 113.04 | 269.90 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 30 | सिंधुदुर्ग | 13.18 | 34.56 | 15.22 | 30.03 |
| 31 | सोलापुर | 129.67 | 975.22 | 400.50 | 586.36 |
| 32 | ठाणे | 1,550.85 | 4,466.01 | 1,672.84 | 3,927.70 |
| 33 | वर्धा | 44.49 | 142.72 | 62.91 | 117.38 |
| 34 | वाशिम | 42.32 | 84.94 | 40.76 | 63.70 |
| 35 | यवतमाल | 133.74 | 332.36 | 129.77 | 237.90 |
| **कुल** | | **8,825.48** | **25,546.73** | **8,774.82** | **19,321.91** |

******